Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 22-02-2022 | अंक 149

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## पूर्व विधायक के उपस्थिति में आक्रोशित ग्रामीणों ने राजकेशरी कैम्प में जड़ा ताला

### सड़क निर्माण में अनियमितता, विरोध के बाद मृतक परिजनों को मिला मुआवजा

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

एनएच चौड़ीकरण सड़क निर्माण कंपनी राजकेशरी स्थिति पाण्डेयबारा प्लांट में आक्रोशित ग्रामीणों ने मेन गेट पर ताला जड़ किया वि. रोध प्रदर्शन। पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के उप. स्थित में लोगों ने सड़क निर्माण में बरते जा रहे अनियमितता को गिनाया। मौके पर उपस्थित कंपनी के प्रबंधक कानू दा के बताया कि सड़क निर्माण के अनियमितता के कारण अब तक कुल 22 लोगों का जान चला गया है, चौपारण चट्टी के दोनों तरफ अधूरा नाली निर्माण को जल्द पूरा करने का माँग किया। जगह जगह सड़क को काट कर यातायात को प्रभावित किया जा रहा है, सड़क के किनारे गढ़ खोद कर छोड़ देना, रोड निर्माण में संकेतक का नहीं होना आदि समस्याओं को अविलब दूर करने को कहा। भीड़ को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि राजकेशरी कंपनी का मन. मानी चरम पर है। कंपनी सड़क निर्माण कार्य छोड गुंडागर्दी कर रही है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, राजेन्द्र चनद्रवंशी, मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मुखिया रेखा देवी, पप्पू रजक, प्रतिनिधि मंटू सिंह, पूर्व मुखिया अनिल पांडेय, भाजपा नेता आशीष सिंह, मुनेश्वर गुप्ता, नरेंद्र पांडेय, सुनील शेखर, जगदीश यादव, बहादुर सिंह, रामचन्द्र सिंह, सीताराम रविदास, राम. बिलश चनद्रवंशी, देवेंद्र सिंह,





बसंत दाँगी, संदीप सिंह, नंदू प्रजापति, सुभाष राणा, बलराम दांगी, मनोज यादव, मधु यादव, युवा नेता रंजन सिंह, मुकेश सिंह, संदीप सिंह उर्फ महाकाल, कपिलदेव यादव, मंटू सिंह, पिन्टू सोनी, संजय गुप्ता, रामसेवक यादव, मनोज सिंह, दयानिधि पांडेय, संतोष पासवान, युवा नेता मुन्ना यादव, विवेक गिरी सहित सैकड़ों लोग। पूर्व विधायक के उपस्थित में मृतक के परिजनों को मिला मुआवजा .धरना प्रदर्शन के बाद केंदुआ मोड़ में तिलैया की मृतक महिला के परिजनों को कंपनी प्रबंधक द्वारा पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के उप. स्थित में मुआवजा कि राशि दिया गया। मालूम हो कि केंदुआ मोड़ में सड़क निर्माण कंपनी के लापरवाही के कारण एक महिला का मौत हो गया था और मुआवजा देने की बात कहकर मुआवजा नही दिया था।

## मशरूम उत्पादन कर आर्थिक मजबूती प्रदान कर सकती है महिलाएं : रमेश ठाकुर

### बरही पश्चिमी पंचायत भवन में 65 महिलाओ को दी गई 5 दिवसीय मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण



प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को प्रमाण पत्र देते रमेश ठाकुर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही पश्चिमी मुखिया मनोरमा देवी के पहल पर जिला उद्यान विकास योजना के तहत पंचायत भवन में पांच दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। पांच दिनों से चले आ रहे प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षणार्थियों को मशरूम उत्पादन की तकनीकी की जानकारी दी गई। मंगलवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। प्रशिक्षण के समापन के अवसर पर प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र एवं उत्पादित मशरूम का पैकेट का भी वितरित किया गया। वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बरही पश्चिमी मुखिया प्रति. निधि रमेश ठाकुर मुख्य रूप से शामिल हुए। 18 फरवरी से 22 फरवरी तक चले प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक धीरज सहाय ने प्रशिक्षण ले रहे 65 प्रशिक्षुओं को मशरूम का उत्पादन कर रोजगार सृजन करने के बारे में विस. तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम पर कृषि उद्यान मित्र उदय ठाकुर का बिशेष योगदान रहा। मौके पर सोनी कुमारी, संध्या देवी, शिखा देवी, अनिता देवी, आशा देवी, सुनीता देवी,बबिता देवी सहित 65 लाभूक मौजूद थे।

## दो करोड़ 80 लाख से होगा बेलकपी व बुचई तालाब का जीर्णोद्धार

### विधायक अमित यादव ने किया योजनाओं का शिलान्यास



**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल मुमार**

dqvka esa ugkus ds nkSjku Mwcus ls

बरकट्ठा प्रखण्ड के दो विभिन्न तालाबो के जीर्णोद्धार योजनाओं का शिलान्यास विधायक अमित कुमार यादव ने किया पहला योजना ग्राम बेलकपी अंतर्गत बेलकपी आहर का एक करोड़ 48 लाख की लागत से जीर्णोद्धार व बुचई आहर का एक करोड़ 31 लाख की लागत से जीर्णोद्धार योजनाओं का शिलान्यास किया गया लघु सिंचाई प्रमंडल की ओर से संचालित होने वाली इन योजनाओं की योजना राशि 2 करोड़ 80 लाख रुपये है मौके पर मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव ने अपने सम्बा. धन में कहा कि हमारा उधेश्य है पूरे विधानसभा क्षेत्र में सिचाई के क्षेत्र में उन्नत बनाना इस ओर विभिन्न गांव में तालाबो के जीर्णोद्धार के अलावे सलैया जलाशय योजना के अंतर्गत सभी नदियों पर सीरीज चे. कडैम का निर्माण समेत तमाम उन क्षेत्रों में सिचाई के साधन डेवलप करना है उन्होंने कहा शीघ्र ही यात्रियों की समस्याओं को देखते हुए सूरजकुंड पर्यटन परिसर में ठंडे पानी के लिए 20 फुट व्यास का कुआं का निर्माण सु. निश्चित करना है बंडा. सिंघा मोड़ पर अंडरपास हरहाल में बनेगा किसी को कोई समस्या नही होगी मौके पर विभाग के सहायक अभियंता व कनीय अभियंता समेत सांसद प्रतिनिधि केदार साव, मुखिया गुड्डी देवी, अभिकर्ता देवेन्द्र कुमार निराला, मो कलीम खां, टुकलाल नायक, सुरेंद्र साव, राजकुमार यादव, गणेश साव, राजू यादव, सुरेश नायक, द्वारिका पासवान, राजेश मंडल, दुर्गानन्द झा, अशोक गुप्ता, उपमुखिया सूरेश पांडेय, विकास पांडेय, दर्शन सोनी, अर्जुन राणा, पुजारी रामनरेश पांडेय, विजय नायक, जागेश्वर नायक, किशोरी ठाकुर समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे ।

## तिलैया डैम में डूबे युवक को चौथे दिन 72 घण्टे बाद निकाला गया

### एनडीआरएफ की टीम को करनी पड़ी काफी मशक्कत

**अपेम लाइव चंदवारा**
**धीरज कुमार**



तिलैया डैम से शव निकालते एनडीआरएफ की टीम

चंदवारा थाना क्षेत्र के जामुखाण्डी के निकट तिलैया डैम में शनिवार को डूबे युवक का शव 72 घण्टे के बाद मंगलवार को निकाल लिया गया। इसके लिये रांची से आए एनडीआरएफ की टीम को काफी मशक्कत करना पड़ा। एनडीआरएफ के इंस्पेक्टर मो. शाहनवाज आलम के नेतृत्व में जवानों ने डैम के गहरे पानी के कई हिस्सों में खोजबीन जारी रखा। उन्होंने बताया कि डैम की चौड़ाई हवा के वेग होने के कारण शव को खोजने में समय लगा। इधर डैम से जैसे ही शव बाहर निकला पास के माहौल काफी गमगीन हो गया। परिजन रोने-बिलखने लगे। चंदवारा पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया। ज्ञात हो कि शनिवार को हजारीबाग जिला के इचाक थाना क्षेत्र के खेराकर्मा गांव निवासी बन्टी कुमार दास उर्फ विशाल दास उम्र लगभग 15 वर्ष पिता राजू दास अपने नाना रामेश्वर रविदास के घर मामा के वैवाहिक समारोह में शामिल होने आया था। जो अपने दो दोस्तों राहुल दास व मिथलेश कुमार के साथ दोपहर करीब 12 बजे डैम में नहाने गया। जहां बन्टी कुमार दास उर्फ विशाल दास गहरी पानी में डूब गया था। शनिवार को स्थानीय गिताखोरों ने बंटी को खोजबीन किया। लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। बाद में घटना स्थल पर जायजा लेने पहुंचे बरही विधायक उमाशंकर अकेला व बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने एनडीआरएफ की टीम को बुलाया। मौके पर सीओ राम रतन कुमार वर्णवाल, थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## बाल संसद के मंत्रियों को बैठक कर उनके कार्य एवं दायित्वों को लेकर दी गई प्रशिक्षण

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



धनवार प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय बरजो एवं डोरंडा में प्रथम संस्था द्वारा बाल संसद के मंत्रियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक अर्जून कुमार यादव एवं पवन कुमार ने महत्वपूर्ण भ.ूमिका निभाई। इस दौरान संस्था के दीपक मिश्रा एवं पिन्टू यादव ने बाल संसद की भूमिका को बताते हुए कहा कि बाल संसद विद्यालय के बच्चे-बच्चियों का एक मंच है जँहा बच्चों में जीवन कौशल का विकास नेतृत्व एवं निर्णय लेने की क्षमता को विकसित करती है। वहीं उन्होंने बाल संसद के कार्य एवं दायित्वों को बताते हुए कहा कि विद्यालय गतिविधियों एवं प्रबंधन में भागीदारी बढ़ाना है। विद्यालय को आनंददायी, सुरक्षित और साफ सुथरा रखना है। बाल संसद का कार्य प्रधानाध्यापकों से विद्यालय की आवश्यकताओं को पूरा करने, गांव-मोहल्ले के 6 से 14 आयु वर्ग के बच्चों की सूची तैयार करने, विद्यालय में पठन-पाठन प्रारंभ से पहले चेतना सत्र का संच.ालन करने, बच्चों को नित्य दिन विद्यालय आने के लिए प्रेरित करने, विद्यालय व वर्ग कक्षा की सफाई करने व करवाना, मिड डे मील वितरण में सहायता करने, विद्यालय में पेड़ पौधे व बा.गवानी को बढ़ावा देना है।

## रैयतो ने पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को एनटीपीसी मामले को लेकर सौंपा ज्ञापन

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बाबूलाल मरांडी को ज्ञापन सौंपते रैयत

बडकागाव के किसानों व भू-रैयतो की प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मराडी से उनके आवास रांची में मुलाकात कर एनटीपीसी , त्रिवेणी सैनिक एवं गैर मजरूआ जमीन, रोजगार विस्थापन संबंधित व अन्य स्थानीय समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा।समस्याओं को सुनने बाद पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मराडी द्वारा आश्वासन दिया गया कि हम आपकी समस्या को विधानसभा में उठाने की कोशिश करेंगे और आप लोगो की समस्याओ को देखने बहुत जल्द बड़कागांव भी आएंगे।बाबूलाल मरांडी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से केरिगढा निवासी देव प्रसाद , सिकंदर महतो, सोनबरसा गांव निवासी जनार्दन राय , निर्मल राम बडकागाव से गुड्डू कुमार शामिल , चूरचू से जयकरन साव एवं थे।

## बिरनी : रजमनिया ओर घोरमोरा गांव में दो हाथीयो ने जमकर उत्पात मचाया दहसत में है ग्रामीण।

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड क्षेत्र के कपिलो पंचायत के रजमनिया गांव ओर माखमर्गो पँचायत के घोरमोरा गांव में एक बार फिर झुंड से भटके दो हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया बतादे की घोरमोरा गांव निवासी बद्री साव के घर का दरवाजा तोड़कर घर मे रखे अनाज को खा गया जिसमे भुक्तभोगी को हजारो रुपये का नुकसान हुआ है। और रजमनिया गांव निवासी मंजूर आलम का घर के चारदिवारी को थोड़ दिया साथ हीं घर के आस-पास खेत में लगे फसल को भी भारी नुकसान किया है इस घटना के सम्बन्ध में फ०रेस्ट गार्ड आबोध कुमार ने बताया कि मंजूर आलम का पक्का घर का चारदीवारी को नुकसान करने के साथ साथ आस पास लगे फसल को भी नुकसान किया है यह घटना बीते देर रात की है। बाद में दोनों गांव के ग्रामीणों ने दोनों हाथी को खदेड़ कर गांव से बाहर कर दिया इधर ग्रामीणों ने बताया कि कई वर्षो से साल भर हाथियों का झुंड गांव में प्रवेश कर जाता है और कभी घर को तो कभी चारदीवारी के साथ-साथ खेत में लगे फसल को भी बर्बाद करके चला जाता है मुआवजा के लिए वन विभाग के कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है। इसलिए वन विभाग के अधिकारियों से उचित मुआवजा देने का मांग करने के साथ साथ हाथियों के झुंड पर भी नियंत्रण करने का भी मांग किया है ।इस घटना के बाद काफी दहसत में है ग्रामीण।

## बरकट्ठा जमुआ निवासी तसलीम अंसारी का मुंबई में हुआ मौत

### संस्था झारखंडी एकता संघ के सहयोग से शव पैतृक गांव लाया गया

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**



झारखंड : रोजीरोटी कमाने जाने वाले प्रवासी मजदूरों की मौत होने का सिलसिला नहीं थम रहा हैं। हजारीबाग जिले के बरकट्ठा थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिलाडीह पंचायत के ग्राम लेओरा जमुआ निवासी असगर अली के 34 वर्षीय पुत्र तसलीम अंसारी का शुक्रवार 18/02/2022 को आसन गांव मुंबई से काम कर घर लौटने के दौरान दो पहिया वाहन से दुर्घटना हो गया। जिससे तसलीम अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें बेहतर इलाज के लिए लोकमान्य तिलक ह०स्पिटल साइन में भर्ती कराया गया। जहां सोमवार 21/02/2022 को इलाज के दौरान तसलीम अंसारी की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार तसलीम अंसारी लगभग चार माह पहले ही रोजगार के तलाश में मुंबई आए थे और आसन गांव में जेस.ीबी अ०परेटर का काम करते थे। मौत की सूचना मिलते ही पूरे गांव में मातम सा छा गया एवं परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। तसलीम अंसारी घर के अकेला कामाव व्यक्ति थे, और परिवार का भरन पोषण करते थे। मृतक अपने पीछे बुजुर्ग पिता,वृद्ध मां, पत्नी और तीन नन्हे पुत्र को पीछे छोड़ गए। वहीं इस घटना की सूचना मृतक के परि.जनों ने 17 वर्षो से प्रवासी मजदूरों के हितों में कार्य करने वाली संस्था झारखंडी एकता संघ,मुम्बई के राष्ट्रीय अध्यक्ष असलम अंसारी एवं राष्ट्रीय सचिव विनोद प्रसाद को दिए, और शव को गांव भेजने में मदद की अपील की संघ के अध्यक्ष असलम अंसारी, सचिव विनोद प्रसाद, सक्रिय सदस्य मुस्तकीम अंसारी, इस्लाम अंसारी, सरफुद्दीन अंसारी, समसुल अंसारी एवं इदरीस अंसारी आदि ने मृतक के परिवार वालों को ढांढस बंधाया एवं मदद का भरोसा दिलाया। और तत्काल लोकमान्य तिलक ह०स्पिटल साइन पहुंच कर पुलिस प्रक्रिया एवं पोस्टमार्टम करा कर पार्थिक शरीर को 22/02/2022 समय 09रू00 बजे फ्लाइट से रांची भेजी गई। और रांची से पैतृक गांव लेओरा एंबुलेंस से भेजा गया। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष असलम अंसारी,सदरुल शेख़, विनोद प्रसाद, ताज हसन अंसारी,असगर खान, तौफीक अंसारी, संतोष कुमार,का. सिफुल्लाह, अज़हर सिद्दीकी, मुस्तकीम अंसारी, राजेंद्र प्रसाद उर्फ राजन और योगेंद्र ठाकुर ने दुःख प्रकट करते हुए कहा कि झारखंड के प्रवासी मजदूरों की मौत के मुंह में समा जाने की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई ला.ेगों की मौत हो चुकी है। झारखंड सरकार प्रवासी मजदूरों के हित में कुछ पहल नहीं कर पा रही है और मजदूरों का पलायन तेजी से हो रहा है। झारखण्डी एकता संघ मृतक के प्रति गहरी संवे.दना प्रकट करते हुए कहना चाहती है, कि ना जनप्रतिनिधि और ना ही अधिकारीगण प्रवासी मज.दूरों को मदद करते हैं, संघ अब तक लगभग 234 प्रवासी मजदूरों का डेथ ब०डी गांव झारखंड भेज चुकी है। संस्था झारखंडी एकता संघ 17 वर्षो से सरकार से प्रवासी कल्याण आयोग के गठन की मांग कर रही है, जिससे प्रदेश के बाहर रोजगार के लिए गए मजदूरों का सुरक्षा एवं सहायता मिल सके।

## कुआं में नहाने के दौरान डूबने से हुआ युवक की मौत

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां, गिरिडीहरू गावां थाना क्षेत्र के माल्डा मुसहरी टोला में एक युवक राहुल मुसहर पिता सुखदेव मुसहर उम्र 22 वर्ष का कुंआ में नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गई। घटना के सम्बंध में बताया गया कि उक्त युवक शराब के नशे में धुत कुंआ में कूद कर तैरते हुए नहा रहा था। हालांकि इस दौरान गांव के कुछ युवकों ने उसे निकल जाने को कहा लेकिन युवक ने गाली देते हुए उनलोगो को वहां से चले जाने को कहा तो वो लोग चले गए। कुछ देर बाद पता चला कि उक्त युवक का कुंआ में डूब जाने से मौत हो गया। घटना की सूचना पर जीप सदस्य इमरान अंसारी एवं माल्डा मुखिया प्रतिनिधि दिनेश पांडे स्थल पर पहुंच कर शव को ग्रामीणों के सहयोग से कुंए से बाहर निकलवाया। मिली सूचना पर गावां थाना प्रभारी पिंटू कुमार मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्ट के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया। इधर युवक की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है

## बंडासिंघा में बनेगा अंडरपास - अमित कुमार यादव

### केशरहिन्द भूमि को लेकर डीजीएम से मिले विधायक

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल मुमार**



बरकट्ठा प्रखण्ड के महत्वपूर्ण बंडासिंघा इचाक पीडब्लूडी चौक के पास अतिमहत्वपूर्ण पब्लिक अंडरपास का शीघ्र निर्माण होगा इस बाबत बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव व एनएचएआई डीजीएम राजीव रंजन के साथ बंडासिंघा चौक का अवलोकन किए विधायक अमित कुमार यादव ने बंडासिंघा चौक पर अंडरपास, बरकट्ठा व परबत्ता रैयती व केशरि.हन्द भूमि के प्रभावित रैयतों को मुआवजा समेत हनुमान मन्दिर का पुनर्मूल्यांकन का मामला रखे मौके पर डीजीएम ने विधायक को आश्वस्त किये की अभी प्रोसेस में सारी बाते है जल्द ही घनी आबादी व महत्वपूर्ण सड़क के कारण लोकहित में अंडरपास का निर्माण होगा वही डीजीएम ने मुआवजा भुगतान के लिए लंबित बरकट्ठा के रैयती भूमि, केशरहिन्द भूमि व हनुमान मंदिर का अवलोकन किया है जल्द ही सभी विषयों का समाधान होगा ज्ञात हो मुआवजा को लेकर बरकट्ठा सांसद प्रतिनिधि केदार साव, मुखिया बसन्त साव, समाजसेवी दर्शन सोनी, पंसस बिंदु सोनी, सुरेंद्र नायक ने केशरहिन्द परिवारों के लिए एक मांग पत्र डीजीएम एनएचएआई को सौपा ।

APEM LIVE

## RAINBOW SCHOOL BARHI

RAINBOW SCHOOL BARHI
UID NO. 20040117202

Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag
Contact Number- 8210966457,8863095445
(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)

**ADMISSION OPEN NOW**




Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

### SALIENT FEATURES

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto X[th] Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26[th] Jan & 15[th] Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum









इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

——— डायरेक्टर (सिकंदर प्र0 कुशवाहा) की कलम से





वादा नहीं विकास करेंगे...

जन-जन का सम्मान करेंगे...

बरही पश्चिमी से

## पंचायत समिति प्रत्याशी पद हेतु

युवा, कर्मठ, जुझारू एवं ईमानदार

उम्मीदवार

## कपिल प्रसाद केशरी

को अपना बहुमूल्य मतदान देकर भारी मतों से विजयी बनाएं...!



सोच हमारी विकास आपका

कपिल प्रसाद केशरी भावी पंचायत समिति प्रत्याशी, बरही पश्चिमी



## विक्रम बाइक रिपेयरिंग सेंटर

प्रो0 – विक्रम कुमार

हमारे यहां सभी प्रकार का बाइक रिपेयर किया जाता है।



TVS, Hero, BAJAJ, HONDA, YAMAHA, SUZUKI, Lifelong, ROYAL ENFIELD, PIAGGIO, Mahindra 2 Wheelers

पता : कोइली मोड़, रसोइया धमना | संपर्क सूत्र :– 6200723851



प्रो0 शिव कुमार

9162759200

## शिव ऑप्टिकल हाऊस

कम्प्यूटर मशीन द्वारा आंखो का जांच

हमारे यहां कम्प्यूटर मशीन द्वारा आंखो को जांच कर चश्मा बनाया जाता है।



धनबाद रोड, बरही, पेट्रोल पम्प के सामने (जामा मस्जिद के सामने)

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## जल्द मिलेगा सहारा निवेशकों का जमाधन-रीजनल मैनेजर गिरिडीह

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



आज मंगलवार को सहारा इंडिया कंपनी पचम्बा एफसी कार्यालय में रीजनल मैनेजर अशोक कुमार, रीजनल एडवाइजरी राजेन्द्र वर्मा एवं एफसी मैनेजर अरुण कुमार राम की अध्यक्षता में सहारा इंडिया कंपनी में निवेशकों के जमाधन भुगतान को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए रीजनल मैनेजर अशोक कुमार ने कहा कि वर्तमान परिस्थिति में सहारा के सम्मानित जमाकर्ता , कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ता एवम कार्यालय स्टाफ ब्रांच मैनेजर बहुत परेशान एवं विवश हैं। विगत 40 वर्षो तक सहारा इंडिया परिवार देश हित में कार्य करते हुए रोजगार सृजन करते हुए रोजगार दिए और सरकार के रेगुलेटर के अदेशानुशार कार्य किए। वर्तमान समय में सम्मानित जमाकर्ता के साथ एजेंट और मैनेजर सभी पूरा परेशान है , एजेंट और मैनेजर भी काफी आर्थिक अभाव में है जिसके कारण देश में कई अप्रिय घटना हो रही है जो मीडिया के माध्यम से सबकी संज्ञान में है। एजेंट और मैनेजर किसी का पैसा नही खाया है सभी के पास सहारा इंडिया का रशिद सर्टिफिकेट उपलब्ध है। हम सभी आप जैसे सम्मानित मीडिया वर्ग से अपेक्षा रखते हैं कि देश के उच्चतम मीडिया इस मुदा को उचित महत्व देते हुए सरकार तक पहुंचाने का कष्ट करें जिससे सहारा की समस्या का समाधान हो। बैठक को संबोधित करते हुए रीजनल एडवाइजरी राजेन्द्र वर्मा ने कहा कि सहारा इंडिया कंपनी के उच्च प्रबंधन सम्मानित जमाकर्ताओं का भ.ूगतान के लिए प्रयासरत है बहुत जल्द ही सहारा इंडिया कंपनी अपनी पूर्व की भांति नजर आएगी। सहारा इंडिया कंपनी में निवेशकर्ताओं का जमाधन पूर्ण रूप से सुरक्षित है धैर्य बनाएं रखें। एफसी मै. नेजर अरुण कुमार राम ने कहा कि सहारा के प्रबंध निदेशक आदरणीय सहारा श्री सुब्रत रॉय सहारा के द्वारा लगातार प्रिंट मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से देश के करोड़ों सम्मानित जमाकर्ताओं और कार्यकर्ताओं को विलंबित भ.ूगतान के कारणों से अवगत कराते आ रहे हैं। आज के इस बैठक में एमडी एजाज अहमद उर्फ बंटी, रामदास राम, पवन कुमार गुप्ता, सुबोध कुमार यादव, संतोष भदानी, दीपक वर्मा, आनंद कुमार, राजेन्द्र सिंह, बासुदेव यादव, एमडी मुमताज आलम संजय कुमारभदानी सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## क्रशर उद्योग बचाने को लेकर जिप अध्यक्ष मिली उपायुक्त से

### अगर क्रशर उद्योग बंद हुए तो जिले में रोजगार की समस्या भयावह होगी – शालिनी गुप्ता

**अपेम लाइव चंदवारा**
**धीरज कुमार**



उपायुक्त से मिलते क्रेशर व्यवसायी

जिले में बंदी की मार झेल रहे पत्थर खनन व्यवसाय को बचाने व खनन व्यवसायियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मंगलवार को जिप प्रधान शालिनी गुप्ता ने व्यवसायियों के साथ उपायुक्त आदित्य रंजन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जिले में क्रशर उद्योग से जुड़ी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उन्होंने उपायुक्त से कहा कि व्यवसायी विभागीय मा. पदंडों को पूरा करने के लिए प्रयासरत हैं, पर इसके लिए समय चाहिए। उन्होंने बताया कि कई क्रशर इकाइयों के विद्युत कनेक्शन काटे जा रहे हैं। जिससे इस उद्योग की बंदी की आशंका उत्पन्न हो रही है। उन्होंने जिला प्रशासन को लचीला रुख अपनाने तथा सभी प्रक्रिया को पूरा करने के लिए समय देने की मांग की। ताकि क्रशर उद्योग चलता रहे और लोगों को रोजगार के लिए पलायन नहीं करना पड़े। उन्होंने उपायुक्त से कहा कि इस इलाके से बड़ी संख्या में युवा रोजगार के लिए पलायन करते हैं और अगर यह उद्योग भी बंद हो गया तो रोजी रोजगार की बड़ी समस्या उत्पन्न हो जाएगी। जिस पर उपायुक्त आदित्य रंजन ने जिला प्रशासन की ओर से सकारात्मक रुख अपनाने का भरोसा दिया और कहा कि सभी इकाइयां वांछित काग. जातों की प्रक्रिया पूरी करें। ज्ञात हो कि जिले में कई क्रशर इकाईयों के बिजली कनेक्शन काटे जाने के कारण इस व्यवसाय से जुड़े लोगों में त्राहिमाम की स्थिति बनी हुई है।

## एलआइसी ऑफिस गिरीडीह में आयोजित हुआ शोक सभा

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



आज मंगलवार को एलआइसी ऑफिस शाखा गिरिडीह में शोक सभा आयोजित की गई। आज के शोक सभा में लियाफी के अखिल भारतीय अध्यक्ष एच एम जैन और गिरिडीह शाखा अभिकर्ता एस के जैन के असामयिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। आज के शोक सभा में गिरिडीह लियाफी अध्यक्ष दुलारचंद यादव, लियाफी गिरिडीह कोषाध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, एलआइसी गिरिडीह शाखा प्रबंधक एस एस चौधरी, एलआइसी गिरिडीह शाखा वरिष्ठ अधिकारी धर्मप्रकाश जी, राजकुमार शर्मा, शेखलाल वर्मा संजय शर्मा, अनुराग मुर्मू, ईश्वर प्रसाद वर्मा सहित अन्य अभिकर्ता मौजूद थे।

## जनसंख्या नियंत्रण के लिए परिवार नियोजन के तहत बंध्याकरण एवं एनएसवी जरूरीः डॉ ज्ञानी

### बरही अनुमंडलीय अस्पताल में अब तक 497 महिलाओं का हुआ महिला बंध्याकरण, एक एन एस वी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही अनुमंडलीय अस्पताल में परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत महिला बंध्याकरण का ऑपरेशन जारी है। मंगलवार को कैम्प लगाकर ऑपरेशन किया गया। इसमे 26 महिलाओं का परिवार नियोजन किया गया। सुरक्षित ऑपरेशन महिला चिकित्सक सर्जन डॉ अनुभा कुमारी, डॉ प्रकाश ज्ञानी ने किया। ऑपरेशन के पूर्व महिलाओं को एचआईवी, हीमोग्लोबिन, प्रैग्नेंसी सहित अन्य आवश्यक जांच प्रशिक्षित लैब टे. क्नीशियन अनिता कुमारी, प्रह्लाद कुमार, बिष्णु कुमार के द्वारा किया गया। ऑपरेशन कार्य मे एएनएम ममता कुमारी,मेनका कुमारी, यशोदा कुमारी, आरे जहां एवं नरेश कुमार ने सहयोग किया। परिवार नियोजन कर्यक्रम की जानकारी देते हुए डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण के लिए परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत कृत्रिम तरीकों के साथ महिला बंध्याकरण एक स्थायी समाधान है। अब तक 497 महिलाओ को सुरक्षित महिला बंध्याकरण के लिए ऑपरेशन किया गया है। वही एक पुरुष का एन एस वी किया गया है। डॉ ज्ञानी ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि एन एस वी पुरुष नसबंदी का सुरक्षित उपाय है। इससे किसी तरह की दिक्कत या परेशानी नही होगी। एन एस वी कराने वाले लोगों को सरकार के द्वारा प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है। अपने पत्नी से प्रेम करने वालो को जरूर एन एस वी करानी चाहिए। देश की बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए महिला बंध्याकरण के साथ साथ पुरुष नसबंदी पर भी ध्यान देने की जरूरत है।।

## पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे आजसू कार्यकर्ता

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : प्रखंड के सीकरी गांव में बीते दिन देर रात आग लग जाने से गुरदयाल महतो और मोती महतो दोनों के पिता शिवदयाल महतो का घर पूरी तरह से जलकर खाक हो हो गया था। जिसकी सूचना मिलते ही आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी के निर्देशानुसार आजसू पार्टी के प्रखंड कार्यकर्ताओं ने पीड़िता के घर पहुंच कर उनका हालचाल जाना। और उनकी सहायता के लिए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। साथ ही आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सरकार व प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है ताकि इनका जीवन यापन में सुधार हो सके। पीड़ित परिवार वालों से मिलने वालों में मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस, सत्येंद्र गुप्ता, रवि जयसवाल, शशि कुमार संजय महतो कुलेश्वर महतो एवं अन्य लोग उपस्थित थें ।

APEM LIVE

9122222016 बिरेन्द्र कुमार

महालक्ष्मी फर्नीचर

जो सजाए आपके सपनों का घर...

डबल बेड, सिंगल बेड, दीवान, सोफा, कुर्सी, ड्रेसिंग, डाइनिंग टेबल इत्यादि।

सस्ता एवं फैन्सी फर्नीचर का बेहतरीन कलेक्शन




ATM

ग्राहक सेवा केन्द्र

स्टूडियो एवं फोटोकॉपी

दिनांक: 22-02-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

पेज सं0: 05

## राजपुर थाना के नए थानेदार ने अफीम माफियाओं पर नकेल कसने के लिए लागातार चला रहे हैं अभियान

### महिला पुलिस बल भी पोस्ता अभियान में निभा रही है अग्रणी भूमिका

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**

**प्रमोद कुमार सिंह**




कान्हाचट्टी :– पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के निर्देशा पर मंगलवार को राजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बेंगोकला के जंगलों में लगे लगभग 3.30 एकड़ अवैध अफीम की खेती को अभियान चला कर नष्ट किया गया है।अफीम की खेती को डंडे से पीटकर व खेतो में ट्रेक्टर चला नस्ट किया गया है।इस अभियान में आज राजपुर थाना क्षेत्र के बेंगो. कला गांव के वन भूमि एवं निजी भूमि पर करीब 3 : 30 एकड़ में लगे अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया गया इस अभियान में थाना प्रभारी विकास पासवान, स0अ0नि0 राजेश शर्मा,विजय सिंह, हरी नाथ उरांव, थाना सशस्त्र बल महिला सहायक पुलिस व आरक्षी के साथ वन विभाग के वनरक्षक नरेश कुमार, उज्जवल कुमार, श्वेत सिन्हा, समरेश गंजू उपस्थित थ. े।थाना प्रभारी विकास पा. सवान ने लोगो को जागरूक करते हुए कहाँ की पुलिस प्रशासन व वन विभाग के द्वारा लगातार अभियान चला कर जंगल मे लगे अवैध अफीम की खेती को नष्ट कर रही है । इसलिए ज़हर की खेती करने वाले याद रखे कि अफीम की खेती करना अपराध है और अपराधी कोई भी हो पुलिस के सि. कंजे से बच नही सकता, इसलिए अफीम की खेती ना करें और ना ही किसी को करने दे, खुद भी जागरूक हो और औरो को भी जागरूक करे। नए थाना प्रभारी विकास पा. सवान के पोस्ता माफियाओं पर कड़ा तेवर से अफीम माफियाओं में हड़कम्प मच गया है।थाना प्रभारी ने कहा कि पोस्ता अफीम की खेती करने वाले और माफिया किसी को भी पुलिस नहीं बख्शेगी,यदि कार्रवाई के बाद भी अफीम पोस्ता की खेती से बाज नहीं आए तो पुलिस वैसे माफियाओं को जेल भेजेगी।

## चतरा जिला के 23 वें उप विकास आयुक्त के रूप में उत्कर्ष गुप्ता ने निवर्तमान उप विकास आयुक्त से ग्रहण किया

### जिले के विकास कार्यों को आगे ले जाना रहेगी प्राथमिकतारूउप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता।

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**

**प्रमोद कुमार सिंह**




चतरा : चतरा जिला के 23 वें उप विकास आयुक्त के रूप में आज उत्कर्ष गुप्ता ने निवर्तमान उप विकास आयुक्त सुनील कुमार सिंह से पदभार ग्रहण किया। डीआरडीए स्थित कार्यालय कक्ष में उन्होंने पद भार ग्रहण किया। उप विकास आयुक्त चतरा का पदभार ग्रहण करते समय नवनियुक्त उप विकास आयुक्त ने निवर्तमान उप विकास आयुक्त द्वारा चतरा जिला में किए गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनके द्वारा जिले में किए गए विकास कार्यो को वह आगे ले जाने हेतु प्रयासरत रहेंगे। नवनियुक्त चतरा जिला उप विकास आयुक्त को पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया। उप विकास आयुक्त ने कहा कि चतरा जिला के विकास के लिए जो दायित्व मिला है, उस पर शतप्रतिशत खरा उतरने का प्रयास करेंगे। अपने कार्यकाल में जिले को विकास के रास्ते पर ले जाने का हर संभव प्रयासरत रहेंगे। इस मौके पर उन्होंने जिले के पदाधिकारियों और पूरी टीम से भी मुलाकात किया।

## मंगलवार को विनोबा भावे विश्वविद्यालय के योग केंद्र में हवन यज्ञ का हुआ आयोजन

### योग के द्वितीय बैच के छात्रा कुति की मौत पर सभी ने रखा दो

**अपेम लाइव : हजारीबाग**

**प्रमोद कुमार सिंह**



हजारीबाग रू– मंगलवार को विनोबा भावे विश्वविद्यालय के योग विभाग में योग के छात्र छात्राओं एवं गुरुजनों से हवन यज्ञ का आयोजन करवाया।हवन यज्ञ में योग विभाग के सभी छात्र व छात्राओं के साथ साथ गुरुजनों ने भाग लिया और हवन किया।हवन के पूर्व हवन कुंड में मंत्रोच्चारण के साथ अग्नि प्रवेश कराया गया।उसके बाद सभी योगियों ने मंत्र के साथ आहुति दी।आहुति के बाद आचार्य ज्ञानोदय सर ने कहा कि हवन में पड़ने वाला आहुति में जितनी सामग्री का इस्तेमाल होता है,वो जब अग्नि के साथ सम्पर्क के बाद जलता है तो उससे उठने वाले धुंआ वातावरण को शुद्ध करता है।हवन में जलने वाला घी,आम की लकड़ी तिल आदि वातारण को शुद्ध करता है।और वर्षा कराने में वह हवन से उठने वाली धुंआ हमेशा वर्षा में मददगार होती है और जब अच्छी वर्षा होती है तो अन्न का उत्पादन भी अच्छी होती है।वही गुरुदेव अभिषेक सर ने कहा कि हवन यज्ञ और योग एक ही पहलू के सिक्के हैं।यज्ञ में बैठना भी योग का एक अहम र०ल है उन्होंने कहा कि योग करने वाले को हमेशा योग आसन प्रणायाम की मुद्रा में होना चाहिए ।हवन कार्यक्रम के बाद योग द्वितीय वर्ष की छात्रा कृति कुमारी की मौत के बाद मंगलवार को मृत आत्मा के शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।सभी योगारथियो ने मृत आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना भी किए।ज्ञानोदय सर ने कहा कि कृति कुमारी का निधन जनवरी माह में सड़क दुर्घटना में हो गया था,जिसके आत्मा को शांति के लिए आज यह हवन यज्ञ का भी आयोजन किया गया था।कृति एक अच्छी संस्कार से हरा भरा हुआ छात्रा थी।जिसके याद को विभाग कभी नहीं भुलाएगी।मौके पर कृति के बहन भी मौजूद थी।और मौके पर योग के छात्र छात्रा शामिल थ।जिसमे तारकेश्वर सोनी,मंजू गुप्ता, बसंती कुमारी,रेणु कुमारी, अनुप्रिया,राजेश जी,राहुल जी,ओमकार जी,प्रमोद जी,उत्तम जी,सहित सभी छात्र छात्राएं मौजूद थी।

## बड़ा बाजार यूथ विंग के प्रयास से मिला थैलेसीमिया मरीज को रक्त

### रक्तदाता आभाष कुमार के जज्बे को सलाम रू– विशाल खण्डेलवाल

**अपेम लाइव : हजारीबाग**

**अमरजीत सिंह**



हजारीबाग नवादा के अजीत राणा के सुपुत्र अनीश कुमार उम्र 6 वर्ष थैलेसीमिया से पीड़ित है। सोमवार को हजारीबाग के एच.एम.सी.एच मे इला. जरत के दौरान उनके शरीर में रक्त की कमी पाई गई। डॉक्टरो ने यथाशीघ्र रक्त उपलब्ध करवाने को लेकर उनके परिजनों को निर्देश दिया।आनन–फानन में उनके परिजनों ने ब्लड बैंक में संबंधित रक्त की अनुपलब्धता को देख बड़ा बाजार यूथ विंग से रक्त उपलब्ध करवाने को लेकर मदद की गुहार लगाई। यूथ विंग के अध्यक्ष विशाल खण्डेलवाल ने सं. बंधित रक्त उपलब्ध करवाने के लिए यूथ विंग के उपाध्यक्ष गुंजन मद्धेशिया एवं रितेश खण्डेलवाल को मार्गदर्शन दिया। मार्गदर्शन के तुरंत बाद यूथ विंग के उपाध्यक्ष गुंजन मद्धेशिया एवं रितेश खण्डेलवाल संबंधित रक्त के खोजबीन में जुट गए। काफी मशक्कत के बाद भी रक्त उपलब्ध नहीं हो पा रहा था। तभी रितेश खण्डेलवाल ने मारखम कॉलेज के समीप ए.के मार्ट के संचालक आभास कुमार को रक्तदान करने का आग्रह किया और आग्रह के तुरंत बाद आभास कुमार एच.एम.सी. एच स्थित ब्लड बैंक पहुंचे और रक्तदान कर मानवता का मिशाल को पेश किया। मौके पर मौजूद अनीश कुमार की माँ बबीता देवी ने बड़ा बाजार यूथ विंग का बहुत–बहुत आभार जताया। मौके पर बड़ा बाजार यूथ विंग के अध्यक्ष विशाल खंडेलवाल ने रक्तदाता का हौसला अफजाई कर उनके जज्बे को सलाम किया.... मौके पर बड़ा बाजार यूथ विंग के उपाध्यक्ष रितेश खंड. ेलवाल ने कहा कि हर लोगों को रक्तदान अवश्य करना चाहिए क्योंकि रक्त से बड़ा इस दुनिया में कोई भी दान नहीं होता है। मौके पर :– अध्यक्ष विशाल खंडेलवाल, उपाध्यक्ष गुंजन मद्धेशिया रितेश खण्डेलवाल, सोशल मीडिया अतिशय जैन उप. स्थित थे।

## दीपक देवराज बने एबीवीपी के झारखंड प्रांत खेल कूद प्रमुख

**अपेम लाइव : हजारीबाग**

**अमरजीत सिंह**



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद 22वा प्रांतीय अधिवेशन बोकारो में संपन्न हुई, इस अधिवेशन में खेल खुद झारखंड प्रांत प्रमुख दीपक देवराज को बनाया गया, अभाविप कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है,हजारीबाग के युवाओं को यह जिम्मेदारी मिलने पर खुशी बनी हुई है। दीपक देवराज परिषद में 2011 से है, उन्होंने विभिन्न प्रकार के दायित्व का निष्ठा पूर्वक निर्वहन किया है

## पिंडाटांड यज्ञ स्थल परअन्तिम कथा दिवस पर पहुंचे कई गणमान्य

**अपेम लाइव : गिरिडिह**

**बजरंगी महातो**



गिरिडीह जिला अंतर्गत पचंबा थाना क्षेत्र स्थित पिंडाटांड गांव में चल रहे श्री श्री 1008 श्री सार्वजनिक राधा कृष्ण नागेश्वर धाम प्राण प्रतिष्ठा सह श्रीमदभागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के अंतिम कथा प्रवचन दिन सेवा निर्वित शिक्षा विभाग इंजीनियर विनय कुमार सिंह, कुशवाहा संघ गिरिडीह उपाध्यक्ष दिग. ंबर प्रसाद दिवाकर, प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डा० नरेश प्रसाद वर्मा, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधी महेंद्र कुमार वर्मा, पिंडाटांड पंचायत समिति सदस्य जगदीश महतो, मगहिया टोला वार्ड सदस्य प्रतिनिधि छठु महतो, शिक्षक चंदन कुमार गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए। यज्ञ समिति के सदस्यों ने सभी गणमान्यों को फूल माला पहनाकर स्वागत किया साथ ही सभी गणमान्यों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। आज प्रातःभव्य रथ यात्रा निकली गई और पूरे पि. ंडाटांड ग्राम का परिक्रमा की गई। रथ यात्रा में यज्ञ समिती सदस्यों के अलावे श्रद्धालुओं की भारी संख्या शामिल हुए। जय श्री राम के नारे से गूंजती रही सम्पूर्ण पिंडाटांड की पावन धरती। आज यज्ञ स्थल पर गायत्री परिवार द्वारा ज्ञानवर्धित पुस्तकों का स्ट०ल लगाया गया। स्ट०ल से सभी धर्मप्रेमियों ने धार्मिक आध्यात्मिक और ज्ञानवर्धक पुस्तकें खरीदी। आज कथावाचिका मिथलेश्वरी शास्त्री ने कृष्ण रुकमणी विवाह प्रसंग को कथा और भजन के माध्यम से प्रस्तुत किया। कथावाचक कन्हैया लाल जी ने कथा प्रवचन करते हुए कहा कि भगवान से कुछ मत मांगो भगवान का सानिध्य मांगो सारे दुख दूर हो जाएंगे। कथा कहने के क्रम में कन्हैया लाल जी ने कई प्रासंगिक कथा को कहा, भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा और भजन का ऐसा समां बांधा की लोग झपकी लेना भूल गए। भक्ति की बयार में सभी श्रोता डुबकी लगाते रहे। श्रद्धालुओं की अपार जनसमूह ने इतनी शांति के साथ कथा श्रवण किया जिसका वर्णन करना कठिन है। आज यज्ञ समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद वर्मा, सचिव कैलाशपति महतो कोषाध्यक्ष नागेश्वर प्रसाद वर्मा बीरेंद्र वर्मा घनश्याम वर्मा योगेश्वर वर्मा बालगो. विंद वर्मा रामदेव वर्मा सहित सभी यज्ञ समिति सदस्यों ने शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने में अपनी पूर्ण जिम्मेदारी का निर्वहन किया।

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## स्लग-खंडोली पर्यटन स्थल स्थित वश्वटर ट्रीटमेंट प्लांट जर्जर अवस्था में

**अपेम लाइव : गिरिडिह**
**बजरंगी महातो**



गिरिडीह के खंडोली पर्यटन स्थल पर स्थित व०टर ट्रीटमेंट प्लांट पूरी तरह से जर्जर अवस्था में पहुंच चुकी है। चारों तरफ गंदगी फैली हुई है। रंग रोगन नही होने के कारण पूरे ट्रीटमेंट प्लांट बिल्डिंग में घास उग आए हैं। व०टर सप्लाई पाइप कई जगह पर लीक होने के कारण प्रतिदिन हजारों लिटर पानी बर्बाद हो रहा है। पर्यटन स्थल पर बनी पर्यटकों के लिए मीनार जिससे पूरी खंडोली पर्यटन स्थल देखा जा सके पूरी तरह से जर्जर हालत में है। बच्वें जवान इस मीनार पर बेधड़क चढ़ कर सेल्फी लेते हैं के चलते कभी भी बडी दुर्घटना घट सकती है। व०टर ट्रीटमेंट प्लांट के एक कर्मी ने नाम प्रकाशित ना करने की शर्त पर बताया कि जब तक ए प्लांट पीएचडी विभाग के अंडर था तो साफ सफाई और रंग रोगन भी होती थी मगर जब से नगर निगम के अंडर आया है हाल बेहाल है। कभी कभी सुरक्षा व्यवस्था नही होने के कारण उपद्रवियों और चोरों के कोपभाज़न का शिकार बनता आ रहा है खंडोली पर्यटन स्थल। हम कर्मियों को प्लांट के अंदर जाने में डर लगता है, भवन के जर्जर हो जाने के कारण कभी भी कोई बडी दुर्घटना घट सकती है। नगर निगम और जिला प्रशासन अविलंब इस विषय पर संज्ञान लेते हुए ठोस कार्रवाई करे।

## गिरिडीह बेंगाबाद एनएच रोड से मोतीलेदा को जोड़ती सड़क जर्जर

**अपेम लाइव : गिरिडिह**
**बजरंगी महातो**



गिरिडीह जिला मुख्यालय से चार किलोमीटर दूर स्थित मोतीलेदा गांव को गिरिडीह बेंगाबाद एनएच एक सौ चौदह जोड़ने वाली सड़क पूरी तरह से उखड़ गई है कहीं कहीं केवल बोल्डर तो कही कही केवल गड्ढे नजर आते हैं। इस रोड का निमार्ण दो हजार एक में हुआ था तब से आज तक किसी ने इस रोड की कायाकल्प की सोची तक नहीं। ना जाने कितने नेता अधिकारी इस रोड से गुजरे मगर किसी का ध्यान रोड की जर्जरता की ओर नही गई। राहगीर भी रोड के किनारे दाएं बाएं होकर गुजरते हैं। इस रोड पर झुपो देवी इंटर क०लेज कैंपस में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना अन्तर्गत प्रशिक्षण केंद्र संचालित है जहां आने जाने वाले प्रशिक्षार्थियों को अच्छी खासी परेशानी उठानी पड़ती है। जर्जर सड़क के जिर्णोद्धार की मांग करने वाले मोतीलेदा पंचायत के पूर्व उप मुखिया दिनेश कुमार, भाकपा माले बेंगाबाद प्रखण्ड सचिव शि. वनंदन कुमार यादव, संतोष कुमार राय, दीपक यादव, इंद्र राय, किशोर कुमार वर्मा, पंचायत समिति सदस्य रितलाल प्रसाद वर्मा, बालम. ुकुंद कुमार, समाजसेवी पवन कुमार वर्मा सहित कई अन्य लोग शामिल हैं। पूर्व उप मुखिया दिनेश कुमार का कहना है कि रोजाना हजारों लोगों का आना जाना लगा रहता है इस सड़क के माध्यम से। सड़क जर्जर अवस्था में होने के कारण लोग जान जोखिम में डालकर रोड के किनारे से निकलते हैं। कई बार कई दुर्घटनाएं हो चुकी है इस जर्जर रोड पर। मैं झारखंड सरकार और जिला प्रशासन से इस जर्जर हालत में पहुंच चुकी रोड पर संज्ञान लेकर जिर्णोद्धार कार्य के लिए त्वरित कदम उठाए। अन्यथा हम सभी मोतीलेदा ग्रामीण चरणबद्ध तरीके से आंदोलन शुरू करेंगे।







